कार्यालय, प्रधानाचार्य, महर्षिदेवरहाबाबास्वशासीराज्य चिकित्सामहाविद्यालय, देवरिया, उ0प्र0 274001
Office, Principal, MaharshiDevarha Baba Autonomous State Medical College, Deoria, UP-274001
Website: - mdbmc.in Tel.No- 05568297433 email: - mdbmc2022@gmail.com

पत्रांकः—मे0का0दे0 / ट्यूटर / नियुक्ति / 2023—24 / दिनांक 19/10/23

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के पत्रांकः—मे0का0दे0 / विज्ञप्ति / सूचना / 2022—23 / 546, दिनांक 16.06.2023 के विज्ञप्ति द्वारा महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया हेतु विभिन्न विभागों में रिक्त हुए ट्यूटर (वेतनमान रु0 15600—39100 एवं ग्रेड वेतन रु0 5400) के लिए दिनांक—11.10.2023 को सम्पन्न वॉक इन इन्टरव्यू (Walk in Interview) में कमेटी की संस्तुति के आधार पर निम्नलिखित अभ्यर्थी को विभागों में कार्य करने हेतु चयनित किया जाता है।

क्र0सं0	ट्यूटर का नाम	पिता / पति का नाम	श्रेणी	आवंटित विभाग	मोबाईल नम्बर
01	Dr. Vikash Mani	Sri Suresh Mani Triphati	UR	इमरजेन्सी मेडिसिन	9807351888

महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में चयनित अभ्यर्थी को आदेशित किया जाता है कि आप अविलम्ब, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में उपस्थित हो कर निम्न शर्तो के अधीन कार्यभार ग्रहण करना सुचिश्चित करें।

01. यह नियुक्ति आरम्भिक 03 माह हेतु किया जा रहा है। सम्बंधित विभागाध्यक्ष द्वारा प्रबल संस्तुति / अनुमोदन के साथ त्रैमासिक समीक्षा एवं मूल्यांकन के आधार पर अधिकतम एक वर्ष के लिए मान्य होगी।
02. यह आवश्यक होगा कि नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के 05 कार्य दिवस के भीतर पद रिक्त होने के सापेक्ष संस्था में अपना कार्यभार ग्रहण कर ले। उक्त कालावधि में कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में नियुक्ति स्वतः रद्द मानी जायेगी।
03. ट्यूटर मरीजों को प्राइवेट में देखने के लिए बाध्य नही करेगा और न तो कही प्राइवेट प्रैक्टिस करेगा।
04. ट्यूटर महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में आकस्मिक अनुभाग / कोविड—19 / आपदा सेवाओं के लिए हमेशा उपस्थित रहना होगा।
05. कार्यो में शिथिलता एवं सेवाये संतोषजक न पाये जाने पर आपकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी जायेगी।
06. किसी भी ट्यूटर को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 माह पूर्ण होने से पूर्व अपने पद से त्याग—पत्र दिये जाने की अनुमति नही होगी अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित ट्यूटर का उक्त अवधि का वेतन आहरित नही किया जायेगा।
07. विशेष परिस्थितियों को छोड़कर लगातार दो दिन से अधिक आकस्मिक अवकाश की अनुमति नही होगी। आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त कोई अन्य अवकाश देय नही होगा।
08. कार्यस्थल पर समयबद्धता अनिवार्य है। बिना प्रतिस्थानी के आये कार्यस्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सेवायें समाप्त होने तक की सीमा तक समझी जायेगी।
09. किसी भी प्रकार का हडताल, आन्दोलन करने अथवा भाग लेने पर नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
10. किसी भी परिस्थिति में आपका सेवा समाप्ति तिथि से कार्य विस्तार नही किया जायेगा।

प्रधानाचार्य
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य
चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।

पत्रांक / मे0का0दे0 / ट्यूटर / नियुक्ति / 2023—24 / 1854 तद्दिनांक
प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
02. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
03. प्रभारी अधिकारी, अधिष्ठान, मेडिकल कालेज, देवरिया।
04. प्रभारी अधिकारी बेवसाइट, मेडिकल कालेज, देवरिया को इस निर्देश के साथ कि उक्त कार्यालय सूचना को कालेज बेवसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
05. जे0आर0 प्रभारी , महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।
06. बायोमेट्रीक इंचार्ज, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।
07. लेखाधिकारी, महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।
08. ई0सी0—01 ।
09. सूचना पट, कालेज।
10. गार्ड फाईल।

19/10/2023
प्रधानाचार्य,
महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य
चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया।